केन्द्रीय, प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर।
(बोली प्रपत्र–क्वालीफाईंग बिड)

घोषणा

ई–बोली आमंत्रण सूचना क्रमांक : **दिनांक :**

(I)	..... के लिए बोली (खाली स्थान में उस आईटम का नाम लिखे, जिसके लिए बोली दी गई है)	
(ii)	बोली प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम	:–.....
	डाक का पूर्ण पता	:–.....
	दूरभाष एवं फैक्स नम्बर एवं ई–मेल	:–.....
(iii)	बोली जिन्हें प्रस्तुत करनी है :–	निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान जयपुर।
(IV)	सन्दर्भ :–	ई–बोली आमंत्रण सूचना संख्याः–.....दिनांक ..... जो .....(समाचार पत्र का नाम) दिनांक ..... में प्रकाशित हुई है ।
(V)	बोली प्रपत्र शुल्क :–	राशि रूपये ..... का e-GRAS चालान संख्या .....दिनांक ..... द्वारा जमा करा दी गई है।
(VI)	प्रोसेसिंग फीस :– राशि रूपये..... का e-GRAS चालान..... ..दिनांक..... जमा करा दी गई है।	
(VII)	हम ई–बोली आमंत्रण सूचना संख्या ..... दिनांक ..... में वर्णित सभी शर्तों से तथा विभागीय शर्तो से संबंधित परिशिष्ट ''स'' तथा परिशिष्ट ''ई'' में वर्णित शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते हैं। परिशिष्ट ''स'' तथा परिशिष्ट ''ई'' के समस्त पृष्ठों पर उनमें वर्णित शर्तो को स्वीकार किये जाने के प्रमाण–स्वरूप हस्ताक्षर कर दिये हैं तथा दोनों परिशिष्ट हस्ताक्षर शुदा संलग्न हैं।	
(VIII)	हम सहमत हैं कि विभाग द्वारा ई–बोली आमंत्रण सूचना में अंकित सप्लाई अवधि में समस्त माल की सुपुर्दगी कर दी जाएगी।	
(IX)	हम सम्पुष्टि (Confirm) करते है कि ''प्राईस बिड'' में अंकित की गई दरें बोली प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि से 90 दिवस तक विधिमान्य हैं ।	
(X)	हम सम्पुष्टि करते हैं कि ''प्राईस बिड'' में अंकित दरें विभागीय परिशिष्ट ''ई'' में अंकित स्पेसिफिकेशन के लिये हैं।	
(XI)	हमारा जी.एस.टी. पंजीयन संख्या ..... है।	
(xII)	हम सम्पुष्टि करते हैं कि प्राईस बिड स्वीकार होने की सूचना से निर्धारित अवधि में निर्धारित प्रारूप में विभाग से करार निष्पादन करेंगे, जिसके अभाव में बोली निरस्त योग्य है।	
(XIII)	हम सम्पुष्टि करते हैं कि आवश्यक दस्तावेज के अभाव में बोली निरस्त करने योग्य है। आवश्यक दस्तावेज संलग्न किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः–	

हस्ताक्षर बोलीदाता

क्र. सं.	वांछित दस्तावेज का विवरण	हॉ या नही	जारी होने की तिथि/वैधता अवधि
1.	बोली प्रतिभूति राशि का ई–ग्रास (eGRAS) चालान नं..... .. दिनांक.....राशि.....		
2.	बोली प्रपत्र शुल्क ई–ग्रास (eGRAS) चालान नं..... दिनांक.....राशि.....		
3.	प्रोसेसिंग फीस ई–ग्रास (eGRAS) चालान नं..... दिनांक.....राशि.....		
4.	जी.एस.टी. प्रमाण–पत्र की नवीनतम प्रमाणित स्केन प्रति सलंग्न है या नहीं ?		
5.	बोली के परिशिष्ट ''ई'' में अंकित वस्तु का एक सील्ड सैम्पल प्रस्तुत किया है या नहीं।		
6.	परिशिष्ट 'द' घोषणा पत्र स्वयं से प्रमाणित संलग्न है या नहीं।		
7.	संबंधित वस्तु के वास्तविक निर्माता होने के संबंध में उद्योग विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न है या नही।		
8.	बोलीदाता द्वारा जिस आईटम/कार्य की बोली प्रस्तुत की गयी है, उक्त बोलीदत्त आईटम/कार्य का किसी भी राजकीय विभाग में आपूर्ति/कार्य पूर्ण किये जाने के प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न है या नहीं।		
9.	जीएसटी रिटर्न एवं जीएसटी चालान की स्कैन प्रति		
10.	उधमिताज्ञापन II अभिस्वीकृति (EM-II) उद्योग आधार की स्कैनप्रति		
11.	अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 की बिन्दु संख्या 10 के तहत प्रपत्र 'अ'		
12.	अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 की बिन्दु संख्या 11 के तहत प्रपत्र 'ब' में शपथ पत्र		
13.	चाहे जाने पर ISO प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति		
14.	बोलीदाता का प्राधिकृत प्रतिनिधि संबंधी प्रमाण पत्र		
15.	प्राधिकृत डीलर व एजेन्ट द्वारा बोली प्रस्तुत करने की स्थिति में (i) निर्माता द्वारा जारी प्राधिकृत डीलर का प्रमाण पत्र (ii) निर्माता का जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र (iii) निर्माता का आईटम निर्माण संबंधी पंजीयन प्रमाण पत्र		
16.	बोलीदाता फर्म नवीन होने पर बैंकर का परिचय पत्र बोली में अंकितानुसार		
17.	अनुभव प्रमाण पत्र बोली आमंत्रण सूचना में अंकितानुसार		
18.	वार्षिक टर्नओवर के संबंध में वांछित दस्तावेज		

(XIV) हमारे द्वारा संलग्न उपरोक्त दस्तावेज हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में है तथा अन्य भाषा में होने पर उनका हिन्दी अथवा अंग्रेजी का प्रमाणित रूपान्तरण भी संलग्न किया गया है।

(XV) हमारे द्वारा निम्न दस्तावेज भी संलग्न किये गये हैं :–

1.....

2.....

3.....

(XVI) हमारे द्वारा आईटम संख्या ..... का (संबन्धित आईटम के परिशिष्ट 'ई' में अंकितानुसार) के एक सील्ड सैम्पल कपड़े में सील किये हुये तकनीकी बिड के साथ प्रेषित किया गया है।

<u>हस्ताक्षर बोलीदाता</u>

नोट :–

1. क्रम संख्या (XIII) में अंकित संलग्नकों में दस्तावेज प्रस्तुत किया है अथवा नहीं, उसके **सम्मुख 'हाँ' या 'नही' दस्तावेज जारी होने की तिथि/वैधता अवधि अंकित करना आवश्यक है,** इसका उत्तरदायित्व बोलीदाता का है इसके अभाव में बोली अमान्य कर दी जावेगी ।

2. **बोली भरने की प्रकिया** :–

(I)परिशिष्ट "अ" क्वालीफाईंग बिड है, क्वालीफाईंग बिड के साथ समस्त प्रमाण पत्र एवं परिशिष्ट "अ" "स" "द" ''र'' एवं "ई" तथा अनुलग्नक I, II, III एवं IV में अंकित शर्तों की स्वीकार्यता की सहमति के लिए परिशिष्ट 'द' एवं अनुलग्नक 'II', हस्ताक्षर उपरान्त ई–बोली के साथ उपलब्ध कराने होंगे तथा निर्धारित दिनांक एवं समय पर संबंधित आईटम के परिशिष्ट "ई" में अंकितानुसार स्पैसिफिकेशन के अनुसार सैम्पल कपड़े में सील करके हस्ताक्षर शुदा निर्धारित दिनांक एवं समय पर प्रस्तुत किए जावेंगे।

(II)परिशिष्ट "ब" प्राईस बिड है उसे ई–बोली में निर्धारित प्रारूप में भराजावे। योग्य बोलीदाताओं की ही प्राईस बिड खोली जावेगी।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मय मोहर

परिशिष्ट ''ब''

केन्द्रीय, प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर।

(बोली प्रपत्र–प्राईस बिड)

ई–बोली आमंत्रण सूचना क्रमांक : दिनांक :

1. ..... के लिए बोली
   (खाली स्थान में उस आईटम का नाम लिखे, जिसके लिए बोली दी गई है)
2. बोली प्रस्तुत करने वाली फर्म :–.....
   का नाम व डाक का पूर्ण पता :–.....
   दूरभाष एवं फैक्स नम्बर मय ई–मेल सहित :–.....
3. बोली जिन्हे प्रस्तुत करनी है :– निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर ।
4. सन्दर्भ :– ई–बोली आमंत्रण सूचना संख्याः–.....
   दिनांक ..... जो.....
   (समाचार पत्र का नाम) दिनांक ..... में प्रकाशित हुई है ।
5. निम्नलिखित आईटम के लिए दरें एवं मात्रा निम्न प्रकार होगी :–
   (क) परिशिष्ट ''ई'' में अंकित स्पेशिफिकेशन के अनुरूप आईटम का नाम :–
   (ख) मात्रा :–
   (ग) दरें :– एफ.ओ.आर. :– केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, फतेहपुरा (बेगस) राजस्थान जयपुर पर दी जावें ।

(घ) दरें – (प्रति जोडा/प्रति नग/प्रति मीटर/प्रति सैट) :–
अंकों में ई–टेण्डरिंग के निर्धारित फोरमेट (BOQ) में ही दी जावे।
शब्दों में ई–टेण्डरिंग के निर्धारित फोरमेट (BOQ) में ही दी जावे।

() परिवहन एवं पैकिंग चार्ज दरों में शामिल किया जावे।

(इ) जी.एस.टी. उक्त दरों में शामिल नहीं करें :–

(ब) उक्त करों में किसी प्रकार की आंशिक अथवा पूर्ण छूट प्राप्त होने पर प्रमाण पत्र संलग्न करें।

नोटः–

(i) दरें शब्दों एवं अंकों में दोनों रूप में लिखी जावे। दरों में कोई त्रुटि (Errors) एवं उपरिलेखन (Overwriting) नहीं होवे।

(ii) यदि 'डी' फार्म/डिक्लेयरेशन फार्म चाहा है तो जी.एस.टी. की दरों के आगे स्पष्ट रूप से अंकित करें तथा जिस आईटम पर डी फार्म/डिक्लेयरेशन फार्म लागू है तो सम्बन्धित विभाग के आदेश की प्रति संलग्न करें।

(iii) **अस्पष्ट वाक्य** :– टैक्स पेड, कर सहित, एज एप्लीकेबल का प्रयोग नहीं किया जावे।

(iv) **आईटमों की दरों हेतुः–**

(अ) यदि किसी आईटम की विभिन्न साईज है तो विभाग द्वारा मांग की गई साईज की दर ही अंकित की जावे। यदि विभिन्न साईज की अलग–अलग दरें अंकित की जावेंगी तो बोली अमान्य कर दी जावेगी।

(ब) यदि एक ही प्रकार की गुणवत्ता के कपड़ों का रंग अलग–अलग हो तो एक ही दर अंकित की जावे। यदि रंग के आधार पर दरें अलग–अलग दी जाती है तो बोली अमान्य कर दी जावेगी।

6. जी.एस.टी. में यदि कोई रियायत उपलब्ध है अथवा चाही गई हो तो तत्सम्बन्धी तथ्यों का स्पष्ट उल्लेख करें एवं इससे सम्बन्धित सक्षम अधिकारी के प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति प्राईस बिड के साथ संलग्न करें ।

7. **बोली भरने की प्रक्रिया** :– ई–बोली प्रस्तुत करने की विस्तृत प्रक्रिया बोली आमंत्रण सूचना एवं परिशिष्ट 'अ' में उल्लेखित कर दी गई है। तद्नुरूप ही बोली प्रस्तुत की जावे। अन्यथा बोली पर विचार नहीं किया जावेगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मय मोहर

केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर।

ई–बोली आमंत्रण सूचना क्रमांक : **दिनांक :**

ई–बोली के लिए बोली एवं संविदा की सामान्य शर्तें :–

नोटः–बोलीदाताओं को इन शर्तों को सावधानीपूर्वक पढना चाहिये तथा ऑन–लाईन इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वेबसाईट पर प्रस्तुत करते समय इनकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिये ।

1. **बोली प्रपत्र भरने की प्रकिया**:– परिशिष्ट ''अ'' एवं परिशिष्ट ''ब'' तथा बोली प्रपत्र की मुख्य शर्तों में अंकित है जिसकी पूर्ण पालना आवश्यक है ।
2. विभिन्न श्रेणी के बोलीदाताओं हेतु विशेष शर्तें :–

(अ)बोलीदाता द्वारा संबंधित वस्तु के वास्तविक निर्माता/अधिकृत डीलर होने के संबंध में उद्योग विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि बोली के साथ प्रस्तुत करनी होगी।

(ब)**राजस्थान में स्थापित लघु उद्योग ईकाई द्वारा बोली :–**

(i) विस्तृत ई–बोली आमंत्रण सूचना में सभी आईटम वित्त विभाग राजस्थान सरकार के नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.2015 के बिन्दू संख्या 3 के अनुसार ''**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006'' के अधीन वर्गीकृत और राजस्थान में स्थित तथा उद्योग विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त ''सूक्ष्म'' एवं ''लघु'' उद्यम से उपापन किये जाने के लिए आरक्षित हैं।**

(ii) किसी भी आइटम की बोली प्रस्तुत करने के लिए राजस्थान राज्य में पंजीकृत वे फर्में पात्र मानी जावेंगी जिन्हे सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के रूप में बोली जमा कराने की अन्तिम तिथि से पूर्व उद्यमिता ज्ञापन–ा अभिस्वीकृति अथवा उद्योग आधार मेमोरेण्डम, उद्यम पंजीयण प्राप्त कर लिया हो।

(iii) राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के तहत वित्त विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.2015 के बिन्दू संख्या 8 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी उद्यमी ज्ञापन–ा/उद्योग आधार मेमोरेण्डम की अभिस्वीकृति रखने वाले तथा इसकी स्वयं द्वारा अनुप्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करने पर राज्य के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए बोली दस्तावेज प्रपत्र शुल्क के 50 प्रतिशत पर, बोली प्रतिभूति राशि उनके द्वारा प्रदाय की जाने वाली प्रस्तावित परिमाण के मूल्य की 0.5 प्रतिशत तथा निष्पादन प्रतिभूति राशि माल के विहित लागत प्रदाय के लिए प्रस्तावित परिमाण की रकम का 1 प्रतिशत देय होगी।

(iv) वित्त विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.2015 के बिन्दु संख्या 12 की पालना में विभागीय कमेटी द्वारा राजस्थान राज्य की सूक्ष्म एवं लघु उद्यम इकाई की उत्पादन क्षमता के बारे में और किस्म नियत्रंण के उपाय स्थापित है, के समाधान हेतु उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया जा सकेगा।

(v) वित्त विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन दिनांक 19.11.2015 के बिन्दु संख्या 11 के अनुसार बोलीदाता द्वारा बोली दस्तावेज के साथ प्रारूप ''ख'' में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(vi) उपरोक्त बोली आईटमों में किन्हीं आईटमों की सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाईयों से कोई बोली प्राप्त नहीं होती है तो नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

(vii) बोलीदाता लघु उद्योग इकाई को प्लान्ट एवं मशीनरी सूची तथा निर्माण स्थल का क्षेत्रफल अंकित करते हुए 100 रू. के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है जिसका विभाग द्वारा कभी भी कार्यस्थल पर जाकर निरीक्षण किया जा सकता है।

(viii) स्थानीय सूक्ष्म एवं लघु उद्यम द्वारा क्रय अधिमानता चाहने पर वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 19.11.15 के बिन्दु संख्या 10 के अनुसार निर्धारित प्रारूप 'क' में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3. (i) फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर को लिखित में बोलीदाता द्वारा दी जाएगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले के सदस्य/सदस्यों को मुक्त नही किया जाएगा।

(ii) संविदा के संबंध में फर्म में किसी भी नये भागीदार/भागीदारों को बोलीदाता द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नही किया जाएगा जब तक कि वे इसकी समस्त शर्तों को मानने के लिए लिखित रूप से बाध्य नही हो जाते एवं **निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर** को इस संबंध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नही कर देते । प्राप्ति स्वीकृति के लिए बोलीदाता की रसीद या बाद में उपरोक्त रूप से स्वीकार की गई किसी भागीदार की रसीद उन सबको बाध्य करेगी तथा संविदा के किसी प्रयोजन के लिए वह पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति (डिस्चार्ज) होगी।

4. **जी.एस.टी. प्रमाण–पत्र/शोधन प्रमाण–पत्र (Clearance Certificate)** :–

(i) कोई भी बोलीदाता जो अपने व्यवसाय स्थल के जी.एस.टी. अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत नही है, वह बोली नही दे सकेगा। बोलीदाता द्वारा पंजीयन संख्या का उल्लेख किया जाऐगा। प्रमाण–पत्र की प्रति स्केन कर प्रस्तुत करनी होगी।

(ii) राजस्थान स्थित फर्मों का गत जी.एस.टी. शोधन प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जावेगा। उक्त प्रमाण पत्र नवीनतम होना चाहिए। राजस्थान राज्य से बाहर की फर्मों के मामले में उक्त प्रमाण पत्र में उसकी वैधता अंकित है तो वह स्वीकार की जावेगी। राजस्थान राज्य से बाहर जिन सरकारों द्वारा वेट शोधन प्रमाण पत्र जारी करना बन्द कर दिया है तो उसके सम्बन्ध में आमंत्रित बोली के ठीक गत वर्ष/छमाही/तिमाही कर विवरणी की प्रमाणित प्रति एवं बोली के ठीक पूर्व जमा कराये गये कर के चालान की प्रमाणित प्रति स्केन कर प्रस्तुत की जावेगी। उक्त के अभाव में बोली निरस्त की जा सकेगी।

(iii) यदि किसी वस्तु पर C.G.S.T. लगता है तो उसकी दर फर्म द्वारा आवश्यक रूप से अलग से प्रस्तुत की जावेगी। यदि किसी फर्म ने कर सहित दरें प्रस्तुत की है तो उसमें C.G.S.T. की दर अलग से दर्शानी/बतानी होगी।

5. जी.एस.टी प्रमाण पत्र में निविदत्त वस्तु या वस्तुओं के ग्रुप का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।

6. बोलीदाता बोली की समस्त शर्तों को स्वीकार करने के प्रमाण स्वरूप परिशिष्ट–'द' एवं अनुलग्नक –'ब' डाउन लोड करने के बाद अपने हस्ताक्षर उपरान्त ई–बोली के

साथ प्रस्तुत करें। यदि बोलीदाता द्वारा उक्तानुसार परिशिष्ट 'द' एवं अनुलग्नक 'ब' स्कैन करके प्रस्तुत नहीं किया गया है तो बोली निरस्त कर दी जावेगी।

7. यदि कोई बोलीदाता किसी वित्तीय वर्ष की सप्लाई करने या आंशिक सप्लाई करने में असफल रहता है तो वह उस वित्तीय वर्ष से आगामी तीन वित्तीय वर्ष तक विभागीय बोली में भाग लेने से विवर्जित (Debar) किया जा सकता है।

8 **दरें** :–

(i) बोली दरें ऑन लाईन (BOQ) माध्यम से भरी जायेंगी।

(ii) बोली मूल्यांकन समिति निम्नलिखित आधार पर सारभूत रूप से प्रत्युत्तरदायी बोलियों में अंकगणितीय त्रुटियों का सुधार करेगी :–

(क) ईकाई मूल्य (Unit Price) और कुल मूल्य (Total Price) जो ईकाई मूल्य और मात्रा को गुणा करने पर प्राप्त होता है, के मध्य यदि कोई विसंगति हो तो ईकाई मूल्य प्रभावी (Prevail) होगा। अर्थात् ईकाई मूल्य स्वीकार किया जावेगा और कुल मूल्य में सुधार किया जावेगा। जब तक कि बोली मूल्यांकन समिति की राय में ईकाई मूल्य में दशमलव बिन्दु की स्थिति में स्पष्ट गलती रह गई है, ऐसे मामलों में उत्कथित कुल मूल्य प्रभावी होगा और ईकाई मूल्य में सुधार किया जावेगा।

(ख) यदि योग के घटकों को जोड़ने या घटाने के कारण योग में त्रुटि रह गयी है तो घटक (Sub Total) प्रभावी (Prevail) होंगे और कुल योग में सुधार किया जावेगा।

(ग) यदि शब्दों और अंकों के मध्य कोई विसंगति है तो शब्दों में व्यक्त की गई रकम तब तक प्रभावी होगी जब तक कि शब्दों में अभिव्यक्त रकम कोई अंकगणितीय त्रुटि से सम्बन्धित न हो। ऐसे मामलों में उपर्युक्त खण्ड (क) और (ख) के अध्यधीन न रहते हुए अंकों में अभिव्यक्त रकम प्रभावी होगी।

(iii) बोली में दर अंकित करते समय G.S.T. अलग से अंकित की जावे व G.S.T. की कुल राशि या प्रतिशत अवश्य अंकित की जावे। अस्पष्ट वाक्य, जैसे ''टैक्स पैड'' ''कर सहित'' ''एज एप्लीकेबल'' का प्रयोग नहीं किया जावे। टैक्स में रियायत मिली हुई है तो इस बात का स्पष्ट उल्लेख करें एवं इसका प्रमाण भी प्रस्तुत करे। G.S.T. में कालान्तर में बढोतरी या कमी की जाती है तो उसी के अनुसार भुगतान किया जावेगा।

(iv) बोली में दरें परिशिष्ट ''ई'' के अनुसार गन्तव्य स्थान तक एफ.ओ.आर. अंकित की जानी चाहिये तथा उसमें G.S.T. के अलावा समस्त प्रकार के टैक्स एवं आनुषंगिक (Incidental) प्रभारों को शामिल करना चाहिये। राज्य सरकार द्वारा कोई गाडी भाडा या परिवहन प्रभार नहीं दिया जाएगा तथा माल की सुपुर्दगी परिशिष्ट ''ई'' में अंकित परिसरों पर दी जाएगी।

(v) बोली में दर अंकित करते समय किसी भी प्रकार की रिबेट/छूट घटाकर शुद्ध दरें (NET) ही दी जावे।

(vi) सप्लाई के समय अग्रिम भुगतान की शर्त स्वीकार्य नही होगी। अतः बोली में दर अंकित करते समय अग्रिम भुगतान की शर्त नही दी जावे। यदि अग्रिम भुगतान की शर्त लगाई जाती है तो सशर्त बोली मानकर निरस्त कर दी जावेगी।

(vii) सप्लाई के समय माल प्राप्त होने पर निरीक्षण उपरान्त माल विभागीय स्पेसिफिकेशन/सैम्पल के अनुसार पाये जाने पर यथाशीघ्र भुगतान कर दिया जावेगा। अतः बोली में दर अंकित करते समय माल सप्लाई के पूर्ण करने पर

भुगतान हेतु समय सीमा की शर्त अंकित नही की जावे। यदि भुगतान हेतु समय सीमा अंकित की जावेगी तो बोली निरस्त की जा सकेगी।

(viii) विभागीय सप्लाई अवधि के अनुसार ही बोली में दरें अंकित की जावें। विभागीय सप्लाई अवधि के अनुसार नहीं दी गई दरें अमान्य होगी व बोली निरस्त की जा सकेगी।

(ix) बोली दरें खुलने के पश्चात यदि कोई बोलीदाता अपने आप दर में कमी करता है तो वह प्रस्तावों में उपान्तरण माना जावेगा। जिसके कारण उसकी बोली निरस्त कर बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी।

(x) बोलीदाता द्वारा बोली सूचना में अंकित पूर्ण मात्रा हेतु बोली दी जावेगी। बोली सूचना में अंकित मात्रा से कम मात्रा हेतु दी गई बोली मान्य नहीं होगी। जिसके आधार पर बोली निरस्त कर दी जावेगी।

(xi) किसी आईटम की विभिन्न साईज है तो BOQ में सभी साईज की एक ही दर अंकित की जावे। यदि विभिन्न साईज की अलग–अलग दरें अंकित की जावेगी तो उसकी बोली अमान्य की जावेगी।

9. **दरों की तुलनाः–**

(i) राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 33 के तहत जारी अधिसूचना दिनांक 19.11.15 के अनुसार राजस्थान के उद्यमों द्वारा उत्पादित/विनिर्मित माल को राजस्थान के बाहर के उद्योगों द्वारा उत्पादित/विनिर्मित माल की अपेक्षा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के तहत क्रय वरीयता दी जावेगी।

(ii) राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 33 के तहत जारी अधिसूचना दिनांक 19.11.15 के अनुसार यदि सामान के प्रदाय का प्रस्ताव करने वाला कोई बोलीदाता राजस्थान में अवस्थित कोई डीलर है और बोलीदत्त मूल्य राजस्थान के उद्यमों द्वारा प्रस्तावित दरों के बराबर है और सामान की किस्म और विनिर्देश वही है तो राजस्थान के उद्यमों को ऐसे स्थानीय डीलर पर क्रय अधिमान दिया जावेगा।

(iii) राज्य सरकार द्वारा समय समय पर प्रसारित निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए भी दरों की तुलना की जावेगी।

(iv) भण्डार क्रय (राजस्थान के उद्योगों को अधिमानता) नियम 1995 के अनुसार यदि सामान के प्रदाय का प्रस्ताव करने वाला कोई बोलीदाता राजस्थान में अवस्थित कोई डीलर है और निविदत्त मूल्य राजस्थान के उद्योगों द्वारा प्रस्तावित दरों के बराबर है और सामान की किस्म और विनिर्देश वही है तो राजस्थान के उद्योगों को ऐसे स्थानीय डीलर पर क्रय अधिमान दिया जावेगा।

10. **बातचीत** (Negotiation) :–

(i) जहाँ तक संभव हो बोलीदाताओं से कोई बातचीत (Negotiation) नहीं की जावेगी, किन्तु निम्न परिस्थितियों में केवल न्यूनतम या अधिकतम लाभप्रद बोली लगाने वाले से बातचीत की जा सकेगी :–

(क) जब बोली लगाने वालों के द्वारा मिलकर समूह कीमतें (Ring Price) दी गई हो या

(ख) जब प्रस्तुत दर एवं प्रचलित बाजार दरों में भारी अन्तर हो।

(ii) न्यूनतम या अधिकतम लाभप्रद बोली लगाने वाले को बातचीत (Negotiation) के लिए बुलाने के लिए न्यूनतम 7 दिवस का समय दिया जावेगा। किन्तु अत्यावश्यकता की

स्थिति में मूल्यांकन समिति उक्त समय सीमा को कम कर सकेगी, बशर्ते न्यूनतम या सर्वाधिक लाभप्रद बोली लगाने वाले को सूचना प्राप्त हो गई हो।

11. **बोली की विधि मान्यताः–**
दरों की वैधता बोली प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि से 90 दिन की अवधि तक के लिए विधि मान्य होगी। निर्धारित विधि मान्यता की अवधि से कम अवधि के लिए कोई बोली गैर प्रत्युत्तरदायी (Non-Responsive bid) के रूप में मानकर अस्वीकार कर दी जावेगी।

12 अनुमोदित सप्लायर के लिए यह समझा जायेगा कि उसने प्रदाय की जाने वाली वस्तुओं की दशा, स्पेसिफिकेशन, साईज, मेक एवं ड्राईंग आदि की सावधानीपूर्वक जांच कर ली है। यदि उसे इन शर्तों के किसी भाग, स्पेसिफिकेशन, ड्राईंग आदि के आशय के बारे में कोई सन्देह हो तो वह बोली प्रस्तुत करने से पूर्व अपना निवेदन **निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर** को भेजेगा तथा उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करेगा।

13. बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौंपेगा या उप भाडे (Sub-let) पर नहीं देगा।

14 **स्पेसिफिकेशन :–**

(i) प्रदाय की जाने वाली सभी वस्तुएं बोली एवं बोली शर्तों से संबंधित परिशिष्ट में निर्धारित स्पेसिफिकेशन/ ट्रेडमार्क/सैम्पल के पूर्णतया अनुरूप होंगी। ऐसे मामलों में जहॉ कोई स्टैण्डर्ड या अनुमोदित नमूना या स्पेसिफिकेशन नहीं हो, उस स्थिति में सप्लायर द्वारा भारत में उपलब्ध अति–उत्तम गुणवता एवं विवरण की वस्तु सप्लाई की जावेगी। प्रदाय की गई वस्तुओं की गुणवत्ता एवं स्पेसिफिकेशन के संबंध में **निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर** का निर्णय अंतिम होगा तथा किया गया निर्णय बोलीदाताओं के लिए अंतिम एवं मान्य होगा।

(ii) यदि प्रदाय की जाने वाली वस्तुऐ निर्धारित स्तर के अभाव में अस्वीकार कर दी जाती है, तो अस्वीकृत माल के बदले निर्धारित स्तर की वस्तु देने की समस्त जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी तथा बोलीदाताओं को अस्वीकृत किये माल के बदले निर्धारित स्तर का माल बिना अतिरिक्त कीमत के क्रय आदेश में निर्धारित सप्लाई अवधि में ही देना होगा।

(iii) अस्वीकृत किया गया माल बोलीदाताओं द्वारा अस्वीकृति की सूचना के 15 दिन के अन्दर विभागीय परिसर से वापिस ले जाना होगा। 15 दिन के पश्चात् विभागीय परिसर से माल नही ले जाने पर विभाग द्वारा निर्धारित भण्डारण व्यय बोलीदाता से वसूला जावेगा। माल अस्वीकृत होने की सूचना के 30 दिन पश्चात बोलीदाताओं द्वारा विभागीय परिसर से माल नही ले जाने पर विभाग को उसका निस्तारण करने हेतु पूर्ण अधिकार होगा। अस्वीकृत माल के संबंध में यथोचित सुरक्षा रखी जावेगी, लेकिन विभागीय परिसर में ऐसे अस्वीकृत माल की क्षति, कमी, घाटा, नाश, टूट, फूट, हानि होने पर विभाग किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नही होगा।

(iv) बोलीदाता द्वारा परिशिष्ट 'ई' में अंकित स्पेसिफिकेशन के अनुसार ही बोली प्रस्तुत की जावेगी। अन्य स्पेसिफिकेशन के आधार पर प्रस्तुत बोली निरस्त कर दी जावेगी।

15. **सैम्पल** :–

(i) बोलीदाता द्वारा बोली के साथ मांगे जा रहे वस्तुओं के सैम्पल बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित कपड़े में सील कर प्रस्तुत किए जावेंगे एवं वस्तुओं के सैम्पल की विभागीय उपापन समिति द्वारा उचित समझे जाने पर किसी भी राजकीय/सरकार

द्वारा मान्यता प्रदत्त प्रयोगशाला से जॉच करवाई जा सकेंगी। इस संबंध में विभागीय उपापन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा। यदि सैम्पल की जाँच कराई जाती है तो जाँच पर होने वाला व्यय बोलीदाता द्वारा वहन किया जावेगा। सैम्पल की जाँच के उपरान्त जाँच पर व्यय की राशि बोलीदाता द्वारा जमा कराई जावेगी। यदि कोई बोलीदाता जाँच शुल्क की राशि जमा नहीं कराता है तो बोलीदाता की जमा बोली प्रतिभूति में से जाँच शुल्क की राशि काट ली जावेगी।

(ii) प्रत्येक सैम्पल पर बोलीदाता द्वारा सैम्पल का विवरण उपयुक्त रूप से सैम्पल पर लिखकर या सैम्पल के साथ स्लिप पर सैम्पल का विवरण लिखकर सुरक्षित ढंग से बांधकर प्रस्तुत करना होगा तथा बोलीदाता का नाम व आईटम की क्रम संख्या भी अंकित करनी होगी।

(iii) अनुमोदित सैम्पल को संविदा समाप्त होने के बाद 6 माह तक की अवधि या गारण्टी अवधि तक जो बाद में हो, निःशुल्क विभाग में रखा जावेगा। विभाग के पास रही अवधि के दौरान सैम्पल में किसी प्रकार की क्षति, टूट, फूट, परीक्षण, जांच आदि के दौरान हानि के लिए विभाग उत्तरदायी नही होगा।

(iv) निर्धारित अवधि की समाप्ति पर बोलीदाता द्वारा नमूना/नमूनों को वापिस लिया जावेगा। विभाग द्वारा सैम्पल को लौटाने के संबंध में किसी भी प्रकार की व्यवस्था नही की जावेगी। संविदा समाप्ति के पश्चात यदि 6 से 9 माह की अवधि के भीतर या गारण्टी/वारन्टी अवधि की समाप्ति के तीन माह के भीतर (जो बाद में हो) बोलीदाता द्वारा सैम्पल प्राप्त नही किये जाते है तो विभाग द्वारा इनका समपहरण (Forfeiture) कर लिया जावेगा तथा उनकी लागत आदि के लिए कोई क्लेम स्वीकार नही किया जावेगा।

(अ) असफल बोलीदाताओं द्वारा अनुमोदित नहीं किये गऐ सैम्पल एवं बोली प्रतिभूति राशि की वापसी विभागीय सूचना के एक माह के भीतर प्राप्त कर लिये जावेंगे । विभाग के पास रही अवधि में इन सैम्पल में किसी प्रकार की क्षति, टूट–फूट, या परीक्षण, जांच आदि के दौरान हानि के लिए सरकार या विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। जो सैम्पल निर्धारित अवधि में वापिस नही लिये जावेंगे, उनका समपहरण (Forfeiture) किया जावेगा तथा उसकी लागत आदि के लिए कोई दावा स्वीकार नही किया जावेगा।

16. **<u>निरीक्षण एवं परीक्षण</u>** :–

(i) (अ) **निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर** या उसका विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि सभी युक्तियुक्त उचित समयों पर सप्लायर के परिसर में जा सकेगा तथा वह संबंधित वस्तु के विनिर्माण के समय या उसके पश्चात जैसा भी निश्चित किया जाऐगा, माल/उपकरण/मशीनरी की सामग्री एवं कर्मकौशल का निरीक्षण एवं जांच कर सकेगा।

(ब) राजस्थान की लघु उद्योग ईकाई की उत्पादन क्षमता एवं किस्म नियंत्रण हेतु उत्पादन ईकाई का राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 के क्रम में सप्लाई आदेश से पूर्व विभागीय कमेटी द्वारा निरीक्षण किया जावेगा।

(ii) बोलीदाता अपने कार्यालय के परिसर, गोदाम, वर्कशाप का पूर्ण पता देगा जहां सप्लाई होने वाले माल का निरीक्षण किया जा सके तथा उन व्यक्तियो के नाम व पते देगा जिनसे इस संबंध में सम्पर्क किया जावे। व्यवसाय में

नये प्रविष्ट होने वाले डीलर को अपने बैंकर्स से जारी एक परिचय पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(iii) सप्लाई प्राप्ति के समय यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व जांच की जावेगी कि वे निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुरूप है या नही। जहाँ आवश्यक हो, विहित किया गया हो या व्यावहारिक हो, वहाँ परीक्षण राज्य/केन्द्र अथवा राज्य सरकारें द्वारा मान्यता प्रदत्त प्रयोगशालाओ/प्रतिष्ठित परीक्षण गृहो में करवाया जावेगा तथा परीक्षण पर यदि सामान विहित स्पेसिफिकेशन के स्तर के अनुरूप पाया जाऐगा तो उन्हे स्वीकार किया जाएगा।

(iv) **परीक्षण प्रभार** :– बोलीदाता से सामान प्राप्त होने पर विभाग द्वारा जिस सामान का परीक्षण कराया जायेगा उसके परीक्षण प्रभार सरकार द्वारा वहन किये जावेंगे। यदि परीक्षण परिणामों से यह ज्ञात हो कि सप्लाई किया गया समान विहित स्तर या स्पेसिफिकेशन के अनुसार नही है तो, परीक्षण प्रभार बोलीदाता द्वारा वहन किये जावेगे।

(v) **निरीक्षण प्रभारः–** विभाग द्वारा जिन वस्तुओं की प्रदायगी सरकारी प्रयोगशाला/प्रतिष्ठित निरीक्षण गृहो से निरीक्षण (Inspection) उपरान्त ही प्राप्त की जावेगी, उन वस्तुओं का निरीक्षण बोलीदाता द्वारा कराये जाने पर निरीक्षण की एवज में देय निरीक्षण प्रभार की राशि का भुगतान विभाग द्वारा किया जावेगा। एवं इस हेतु बोलीदाता को सरकारी प्रयोगशाला/प्रतिष्ठित निरीक्षण गृहों में जमा कराई गई राशि की रसीद प्रस्तुत करनी होगी।

(vi) **रद्द करना (Rejection)** :– निरीक्षण या परीक्षण के दौरान जो वस्तुऐ अनुमोदित नहीं की जाऐगी उन्हे रद्द किया जावेगा तथा बोलीदाता द्वारा क्रय आदेश में निर्धारित सप्लाई अवधि में ही स्वयं की लागत पर उन्हें बदला जावेगा।

(vii) यदि रद्द किये गये सामान को जनहित/सरकारी कार्य की तात्कालिक आवश्यकता के कारण पूर्ण या आंशिक रूप से बदलना साध्य (Feasible) नहीं समझा जावे तो **निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान,** जयपुर बोलीदाता को सुनवाई का एक उचित अवसर देकर तथा कारणों को अभिलिखित कर अनुमोदित दरों में से उपयुक्त राशि की कटोती कर सकेंगे। इस प्रकार की गई कटौती अंतिम होगी।

(viii) आपूर्ति किया गया माल/आईटम निर्धारित स्पेसिफिकेशन अथवा वांछित गुणवत्ता का नहीं पाये जाने पर बोलीदाता के विरूद्ध विभाग आपराधिक एवं दीवानी कार्यवाही करने के लिए सक्षम होगा।

17. **माल की सप्लाई** :–

(i) बोलीदाता सप्लाई के समय माल की उचित पैकिंग करने के लिए उत्तरदायी होगा ताकि समुद्र, रेल, सडक या वायुयान द्वारा परिवहन की सामान्य स्थिति मे उनमे कोई क्षति न हो तथा गन्तव्य स्थल पर माल की सुपुर्दगी अच्छी दशा में प्राप्त हो सके। माल प्राप्तकर्ता द्वारा प्राप्त सामग्रियों की जांच, निरीक्षण किये जाने पर माल में पाई गई किसी प्रकार की हानि, क्षति, टूट–फूट या रिसाव (Leakage) या किसी कमी के होने के मामले मे हुई हानि एवं कमी की पूर्ति के लिए बोलीदाता उत्तरदायी होगा । इसके लिए कोई अतिरिक्त लागत स्वीकार नहीं की जाएगी।

(ii) यदि बोलीदाता माल की सप्लाई बोलीदाता द्वारा **निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर** की संतुष्टि के अनुसार नही की जाती है, तो बोलीदाता को सुनवाई का एक युक्तियुक्त अवसर देने के बाद **निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर** किसी भी समय संविदा की निराकृत करने के कारणों को अभिलिखित करते हुए माल सप्लाई की संविदा निराकृत (Repudiate) कर सकते है।

(iii) बोलीदाता द्वारा समस्त माल रेल्वे या गुड्स ट्रान्सपोर्ट के जरिये भाडा एवं अन्य प्रभार आदि चुका कर FOR जयपुर मुख्यालय भेजा जाऐगा।

18. बोलीदाता या उसके प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना पक्ष समर्थन कराना एक प्रकार की अनर्हता (Disqualification) होगी।

19. **सुपुर्दगी अवधि** (Delivery Period)

(i) जिस बोलीदाता की बोली स्वीकार की जाऐगी वह ई–बोली आमंत्रण सूचना में अंकित सप्लाई अवधि में माल की सप्लाई करेगा। सप्लाई अवधि, विभाग द्वारा सप्लाई आदेश जारी होने की तिथि से शुरू होगी।

(ii) फर्म निर्धारित समयावधि में यदि सामान की आपूर्ति करने में असफल रहती है तथा अवधि पूर्ण होने से पूर्व ही सप्लाई की अवधि बढवाना चाहती है, तो उसे उन बाधाओं का उल्लेख करते हुए जिनके कारण सप्लाई अवधि बढ़ाई जा रही है, लिखित में आवेदन करना होगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा सप्लाई अवधि बढ़ाने या नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया जावेगा।

(iii) निर्धारित की गयी प्रदायगी अवधि के बराबर अवधि तक, परिनिर्धारित क्षति सहित या रहित, प्रदायगी अवधि में अधिकतम अभिवृद्धि की जा सकती है, किन्तु जिन मामलों में फर्म द्वारा सामग्री विदेशों से आयात करके सप्लाई की जानी है या किसी सिस्टम से सम्बन्धित सामग्री सप्लाई किये जाने बाद इंस्टालेशन किया जाना है वहाँ प्रकरण के गुणावगुण के आधार पर संज्ञान में लाई गई बाधाओं से सन्तुष्ट होने पर उपापन संस्था द्वारा सप्लाई अवधि आगे भी बढ़ाई जा सकेगी।

20. **माल के परिमाण (Quantity) में वृद्धि एवं पुनः आदेश (Repeat Order)**

(i) यदि उपापन संस्था परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण कोई माल/सेवा का उपापन नहीं करती है या विनिर्दिष्ट मात्रा से कम उपाप्त करती है तो बोली लगाने वाला किसी भी दावे या प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(ii) अतिरिक्त मदों (Items) या अतिरिक्त मात्रा के लिए पुनरादेश (Repeat Order) संविदा में दी गई दरों और शर्तों पर दिये जा सकेंगे। यदि मूल आदेश खुली प्रतियोगी बोलियाँ आमंत्रित करने के पश्चात् दिया गया है। प्रदायगी या कार्य पूर्ण करने की अवधि भी आनुपातिक रूप से बढ़ाई जा सकेगी। पुनरादेश किसी भी स्थिति में मूल संविदा के माल या सेवाओं के मूल्य का 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

(iii) अन्तिम प्रदायगी समाप्त होने की दिनांक से एक माह के बाद प्रदायगी के लिए पुनरादेश नहीं दिये जायेंगे। यदि बोलीदाता ऐसी सप्लाई करने में असमर्थ रहता है तो विभाग सामान की सप्लाई की व्यवस्था सीमित बोली द्वारा या अन्य प्रकार से करने के लिए स्वतन्त्र होगा तथा जो भी अतिरिक्त लागत आयेगी उसकी वसूली बोलीदाता से की जायेगी।

21. **संविदा के अधिनिर्णय (Award of Contract) के समय एक से अधिक बोलीदाताओं के मध्य विनिर्दिष्ट मात्रा का विभाजन :–** सामान्यतः उपापन की विषयवस्तु (माल/सेवा) की समस्त मात्रा उस बोलीदाता से उपाप्त (क्रय) की जावेगी जिसकी बोली स्वीकार की गई है। तथापि जब यह समझा जावे कि उपाप्त की जाने वाली उपापन की विषयवस्तु की मात्रा बहुत अधिक है और इस सम्पूर्ण मात्रा का प्रदाय करना उस बोली लगाने वाले की क्षमता में नहीं हो सकेगा जिसकी बोली स्वीकार की गई है या जब यह समझा जावे कि उपापन विषयवस्तु गंभीर और महत्वपूर्ण प्रकृति की है तो ऐसे मामलों में वस्तु की मात्रा को, प्रथम न्यूनतम बोलीदाता जिसकी बोली स्वीकार की गई और द्वितीय निम्नतम बोलीदाता या इसी क्रम में और भी बोली लगाने वालों के मध्य अनुमोदित बोलीदाता की दरों पर ऋजु (Fair) पारदर्शी और साम्यपूर्ण रीति से विभाजित किया जा सकेगा।

22. **बोली प्रतिभूति** (Bid Security)

(i) राजस्थान के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के अलावा अन्य बोलीदाताओं द्वारा बोली के साथ बोली आमंत्रण सूचना में अंकित राशि अनुसार निर्धारित प्रक्रिया में बोली प्रतिभूति जमा करवाई जावेगी। बोली प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बोली, संक्षिप्त कार्यवाही के बाद निरस्त कर दी जावेगी।

(ii) **बोली दाता द्वारा ई–बोली आमंत्रण सूचना में अंकित तिथि एवं समय** पर बोली प्रतिभूति राशि ई–ग्रास (eGRAS) चालान की प्रति उपापन संस्था के कार्यालय में प्रस्तुत करनी बोली प्रतिभूति राशि के चालान की प्रति के अभाव में तकनिकी बिड नहीं खोली जावेगी।

(iii) बोली प्रतिभूति राशि के चालान की फोटो प्रति तकनिकी बिड के साथ आवश्यक रूप से संलग्न करनी होगी।

(iv) The bidder required to pay the bid security amount specified in the Terms and Condition of the bid,, in the following cases, namely:-

i. When the bidder withdraws or modifies its bid after opening of bids;
ii. When the bidder does not execute the agreement, if any, after placement of supply/work order within the specified period;
iii. When the bidder fails to commence the supply of the goods or service or execute work as per supply/work order within the time specified;
iv. When the bidder does not deposit the performance security within specified period after the supply/work order is placed; and
v. If the bidder breaches any provision of code of integrity, prescribed for bidding, specified in the Act and chapter VI of RTPP Rules 2013 .

23. **करार एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि** (Agreement and Performance security) :–

(अ) ई–बोली आमंत्रण सूचना में अंकित आईटम की आपूर्ति हेतु सफल बोलीदाता को बोली स्वीकृति के पत्र की दिनांक से अधिकतम 10 दिन में एक करार पत्र निष्पादित करना आवश्यक है। अनुबन्ध करार के पश्चात आपूर्ति आदेश दिया जावेगा। करार पत्र निर्धारित प्रारूप में निर्धारित अवधि में निष्पादन नहीं करने पर बोली निरस्त योग्य है।

(ब) बोलीदाता द्वारा निर्धारित प्रारूप में 500/–रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक करार पत्र निष्पादित करना होगा :–

(स) करार पत्र के साथ जिस सामान के लिए बोली स्वीकार की गई है, उसके लिए निम्नांकितानुसार कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Performance Security) राशि निर्धारित रूप में जमा करानी होगी :–

(i) कार्य सम्पादन प्रतिभूतिः– कार्य सम्पादन प्रतिभूति की अभ्यर्थना राज्य सरकार के विभागों और ऐसे उपक्रमों, निगमों, स्वायत्त निकायों, रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियों, सहकारी सोसाइटियों जो राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण या प्रबंध में हो और केंद्रीय सरकार के उपक्रमों के सिवाय समस्त सफल बोली लगाने वालों से की जायेगी। तथापि, उनसे एक कार्य सम्पादन प्रतिभूति घोषणा ली जायेगी। राज्य सरकार किसी विशिष्ट उपापन या उपापन के किसी प्रवर्ग के मामले में कार्य सम्पादन प्रतिभूति के उपबंध को शिथिल कर सकेगी।

(ii) सफल बोलीदाता द्वारा कार्य आदेश के मूल्य के **5%** के बराबर कार्य सम्पादन प्रतिभूति ;Performance Security) राशि जमा कराई जावेगी।

(iii) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(iv) कार्य सम्पादन प्रतिभूति निम्नलिखित प्रारूपों में से किसी एक में प्रस्तुत की जायेगी :–

(क) "ई–ग्रास (e-GRAS) के माध्यम से जमा";

(ख) किसी अनुसूचित बैंक का बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक;

(ग) राष्ट्रीय बचत पत्र और राजस्थान में किसी डाकघर द्वारा अल्प बचत के प्रोन्नयन के लिए राष्ट्रीय बचत स्कीमों के अधीन जारी कोई अन्य स्क्रिप्ट/लिखत, यदि वह सुसंगत नियमों के अधीन बंधक रखी जा सकती हो। बोली के समय वे उनके समर्पण मूल्य पर स्वीकार की जायेंगी और मुख्य डाकपाल के अनुमोदन से औपचारिक रूप से उपापन संस्था के नाम अंतरित की जायेंगी।

(घ) किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी/गारंटियां। यह जारी करने वाले बैंक से सत्यापित करायी जायेगी। बैंक गारंटी से संबंधित अन्य शर्तें बोली प्रतिभूति के लिए नियम 42 में वर्णित के समान होंगी।

(ड.) किसी अनुसूचित बैंक की नियत जमा रसीद (एफडीआर)। यह बोली लगाने वाले के खाते से उपापन संस्था के नाम होगी और बोली लगाने वाले द्वारा अग्रिम रूप से उन्मोचित की जायेगी। उपापन संस्था नियत जमा रसीद को स्वीकार करने के पूर्व यह सुनिश्चित करेगी कि बोली लगाने वाला बैंक की ओर से उपापन संस्था को संबंधित बोली लगाने वाले की सहमति की अपेक्षा के बिना, नियत जमा रसीद की मांग पर संदाय/समयपूर्व संदाय करने का वचन देता है। कार्य सम्पादन प्रतिभूति के समपहरण की दशा में नियत जमा ऐसी नियत जमा पर अर्जित ब्याज के साथ समपहृत कर ली जायेगी।

